>

Title: Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Amreli, Gujrat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि आज देश में केन्द्रीय विद्यालय से वंचित जो जिले हैं, उनमें से मेरा जिला अमरेली (गुजरात) भी है तो मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि मेरा जिला कृषि आधारित है, मजदूर आधारित है और एकदम श्रम एरिया है तो केन्द्रीय विद्यालय की मंजूरी जल्द से जल्द मिल जाए तो मेरे क्षेत्र की प्रक्रिया भी पूर्ण हो जाएगी । जिला प्रशासन ने प्रक्रिया को पूरा करके केन्द्र सरकार को भेज दिया गया है । मैं आपके माध्यम से जल्द से जल्द मेरे क्षेत्र के केन्द्रीय विद्यालय के लिए मंजूरी मिल जाए, ताकि वहां के बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो सके ।...(व्यवधान)